## एक नजर में

### नगर में आज बंद रहेगी विद्युत सप्लाई

**जीरापुर 06 जुलाई,सं.** जीरापुर में मंगलवार को नगर के कुछ इलाकों में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी. प्राप्त जानकारी के अनुसार विभाग के सहायक विद्युत अभियंता ने बताया कि नवीन 25 केवीए ट्रांसफार्मर स्ट्रीट लाइट हेतु स्थापित किया जाना है , जिस कारण जीरापुर शहर फीडर की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी. जिससे प्रभावित होने वाले क्षेत्र इंदर चौराहा चामुंडेश्वरी माता मंदिर के आसपास, सिंचाई कॉलोनी, खिलचीपुर नाका क्षेत्र प्रभावित रहेंगे .ट्रांसफार्मर स्थापित करने हेतु विद्युत वितरण सप्लाई कार्य मंगलवारको सुबह 7 बजे से शुरू करके 11 तक कार्य किया जाएगा हालांकि समयानुसार निर्धारित समय में बदलाव भी किया जा सकता है .

### तहसील अध्यक्ष राजेश इंदौरा का सम्मान

**खिलचीपुर 06 जुलाई, सं.** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कॉन्ट्रैक्ट यूनियन के नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष राजेश इंदौरा को नियुक्त किए जाने पर स्थानीय वाल्मीकि समाज द्वारा उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया. इस अवसर पर समाजजनों ने उन्हें पुष्पमालाएं पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनके सफल कार्यकाल की कामना की. उपस्थित वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में यूनियन और समाज के हितों की रक्षा तथा कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कार्य किए जाएंगे. कार्यक्रम में यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मगन झांझोट, प्रदेश उपाध्यक्ष रामबाबू कछवाय, जिला अध्यक्ष वीरू कछवाय सहित अन्य पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे. सभी ने नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया.

### दीक्षारंभ समारोह का किया आयोजन

**जीरापुर 06 जुलाई, सं.** शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ हिमांशु चाष्टा की अध्यक्षता में नवीन सत्र 2026-27 में प्रवेशित विद्यार्थियों के प्रवेश उपरांत दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें नवीन सत्र में प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई जिसमें नई शिक्षा नीति के बारे में विस्तार से समझाया गया एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, एनएसएस, एनसीसी एवं खेलकूद से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी. इसी के साथ विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों जैसे पोस्ट मैट्रिक, सेंट्रल सेक्टर, गांव की बेटी, आवास योजना, मुख्यमंत्री मेधावी एवं मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना आदि के बारे में विस्तार से बताया गया. जहां पर ग्रंथपाल प्रो पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार के द्वारा पुस्तकालय एवं ई लाइब्रेरी के सम्बन्ध मे जानकारी दी गई.


कार्यक्रम में प्रभारी प्रो भुवनेश कुमार गुप्ता, प्रो अंकित ठाकुर, प्रो दिव्यांशु शर्मा, प्रो पितृस धुर्वे, डॉ ओमप्रकाश गुप्ता, डॉ रश्मि सोनी, डॉ वंदना चुटेल, डॉ बीरम वर्मा, डॉ मनोहर सिंह परमार, प्रो हेमेंद्र सिंह फौजदार, प्रो ललित शर्मा, प्रो कनिज अंसारी, प्रो मुकेश कुमार सेन, डॉ कपिल वैष्णव,रोहित मालवीय,प्रो दिनेश कुमार दांगी सहित समस्त महाविद्यालय स्टॉफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहें.

# गेंद निकालने गए बच्चों को बचाने बुआ कूदी, तीनों की मौत


## स्टोन क्रेशर की पानी से भरी गहरी खदान में डूबने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**ब्यावरा के समीप गुना रोड स्थित जगनियापुरा गांव का मामला**









नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 06 जुलाई, का. क्रेशर किनारे गेंद से खेल रहे भाई और बहन की बॉल पस ही पानी से भरी खदान में गिर गई. भाई बहन गेंद लेन गए तो संतुलन बिगड़ा और दोनों डूब गए. उन्हें बचाने वहां मौजूद भुआ भी पानी में उतरी लेकिन उनके प्राण भी काल कवलित हो गए. यह हादसा जिले के ब्यावरा के समीप गुना रोड़ पर जगनियापुरा गांव में हुआ. पारदी समाज के तीनों लोगों की मौत हो गई.**

जानकारी के अनुसार हादसा ब्यावरा के जगनियापुरा गांव में सोमवार शाम करीब 4 बजे हुआ. मृतकों की पहचान निखरा पारदी (5), नम्रता पारदी (11) और सायराबाई पारदी (35) के रूप में हुई है. पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया. इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए.

### गेंद निकालने के चक्कर में फिसला पैर

स्थानीय लोगों ने बताया कि जगनियापुरा के पास स्थित एक स्टोन केशर मशीन की गहरी पानी से भरी खदान के किनारे कुछ बच्चे खेल रहे थे. खेल के दौरान उनकी गेंद खदान में जा गिरी. गेंद निकालने के लिए निखरा पारदी और उसकी बहन नम्रता पारदी खदान के किनारे पहुंचे. गेंद निकालने के चक्कर में उनका पेर फिसल गया.

### बच्चों को बचाने का प्रयास में बुआ ने प्राण गंवाए

दोनों जैसे ही गेंद निकालने का प्रयास करने लगे, अचानक उनका पैर फिसल गया. वे गहरे पानी में गिरकर डूबने लगे. दोनों बच्चों की चीख-पुकार सुनते ही उनकी 35 वर्षीय बुआ सायराबाई पारदी मौके पर पहुंचीं. बच्चों को डूबता देख उन्होंने बिना अपनी जान की परवाह किए खदान में छलांग लगा दी. सायराबाई ने एक बच्चे को पकड़कर बाहर निकालने की कोशिश भी की, लेकिन दूसरे बच्चे को बचाने के प्रयास में उनका संतुलन बिगड़ गया. इस दौरान खदान की गहराई और पानी के कारण वे भी खुद को संभाल नहीं सकीं. देखते ही देखते तीनों पानी में समा गए. हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई. ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंचे. तत्काल पुलिस और प्रशासन को सूचना दी गई, जिसके बाद ब्यावरा सिटी थाना पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया.

### एक घंटे चला रेस्क्यू, डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर खदान में रेस्क्यू अभियान शुरू किया. करीब एक घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद तीनों के शव पानी से बाहर निकाले गए. इसके बाद सभी को तत्काल सिविल अस्पताल ब्यावरा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया. ब्यावरा सिटी थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि खदान में डूबने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हुई है. पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद तीनों शव परिजन को सौंप दिए गए. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

# 10 साल के बच्चे पर जंगली सूअर ने किया हमला

## खेत पर बकरियां चराते समय हुआ हादसा

**हाथ चबाया, सिर में चोट प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर**



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 06 जुलाई, का. कालीपीठ थाना क्षेत्र के गणेशपुरा गांव में सोमवार को जंगली सूअर के हमले में 10 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल बच्चे को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर किया गया है. जानकारी के अनुसार, गणेशपुरा निवासी राधेश्याम तंवर सोमवार को अपनी मां के साथ खेत पर गया था. उसकी मां खेत में काम कर रही थी, जबकि राधेश्याम पास में बकरियां चरा रहा था. इसी दौरान अचानक एक जंगली सूअर ने उस पर हमला कर दिया.**

हमले में जंगली सूअर ने राधेश्याम के दाहिने हाथ को बुरी तरह घायल कर दिया. उसके सिर में भी गंभीर चोट आई. बच्चे की चीख-पुकार सुनकर उसकी मां और आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे. लोगों को आता देख जंगली सूअर वहां से भाग गया. घटना के बाद परिजन घायल बच्चे को तत्काल राजगढ़ जिला अस्पताल लेकर पहुंचे. डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हाथ में गहरे घाव और गंभीर चोट को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर कर दिया. घटना के बाद गणेशपुरा गांव में दहशत का माहौल है. ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में जंगली सूअरों की संख्या लगातार बढ़ रही है. वे अक्सर खेतों में पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं और अब लोगों पर भी हमला करने लगे हैं. ग्रामीणों ने वन विभाग से जंगली सूअरों की आवाजाही रोकने और स्थायी समाधान करने की मांग की है.

# इलाज कराने जा रहे 5 लोगों की हादसे में मौत

## गाड़ी में फंसे रहे शव, 3 लोग दूर जाकर गिरे



**आष्टा में बड़ा हादसा, जिले के भियापुरा गांव के 5 लोगों की मौत, 4 गंभीर**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 06 जुलाई, का. सीहोर जिले में ट्रक और बोलेरो की टक्कर हो गई. हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए. बोलेरो में सवार अंदर फंस गए, जिन्हें लोगों ने बाहर निकाला. हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया.**

जानकारी के अनुसार, हादसा सोमवार दोपहर करीब 2.45 बजे आष्टा और शुजालपुर के बीच ग्राम मेना गोदी के पास हुआ. 3 लोग बोलेरो से उछलकर 15-20 फीट दूर गिरे, जबकि ड्राइवर की खून से सनी लाश गाड़ी में फंसी रही. हादसे में 2 लोगों के पैर टूट गए, जबकि अन्य के सिर में गंभीर चोटें आईं.

सभी लोग राजगढ़ जिले के कालीपीठ थाना क्षेत्र के भियापुरा गांव के रहने वाले हैं. वे इलाज कराने आष्टा जा रहे थे. आष्टा-पचोर-शुजालपुर मार्ग पर मेना गोदी गांव के पास हादसे का शिकार हो गए. आष्टा एसडीओपी दामोदर गुप्ता ने बताया कि बोलेरो में 9 लोग सवार थे. इनमें राजाराम सुंदर (45), भगवान (50), इंदर सिंह (55), राधेश्याम (38), बनेसिंह (22), गुलाबचंद (30), हेमराज (25), देवीराम (60) और अमरसिंह (45) शामिल थे. हादसे की सूचना मिलते ही आष्टा थाना पुलिस मौके पर पहुंची. स्थानीय ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों ने क्षतिग्रस्त बोलेरो में फंसे घायलों को मशक्कत के बाद बाहर निकाला. घायलों को आष्टा से सीहोर जिला अस्पताल रेफर किया गया. पुलिस ने हादसे में जान गंवाने वाले 5 लोगों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए. अब तक सिर्फ 2 घायलों की पहचान इंदर सिंह पिता नंदराम और राजाराम पिता गणपत के रूप में हो पाई है.

### गंदगी में जीने को मजबूर ग्रामवासी

**पडाना 06 जुलाई, सं.** स्वच्छ भारत मिशन के दावों के बीच सारंगपुर जनपद की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत पडाना में सफाई व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है. यहां पिछले 1 महीने से कचरा वाहन नहीं आया है जिससे ग्राम के मुख्य मार्ग सहित गली- मोहल्ले में कचरे का ढ़ेर लग गया है. ज्ञातव्य है कि वर्षाकाल का समय चल रहा है कूड़ा-कचरा जमा होने से अनेक बीमारियों का होने का खतरा बना रहता है.कचरा नहीं उठने से मुख्य मार्गों और मोहल्ले में बदबू से ग्रामवासी परेशान हो रहे हैं.

# कैरेट उठाने की बात पर युवकों द्वारा डंडे से मारपीट



नवभारत न्यूज

**सुठालिया 06 जुलाई, सं. नगर में सोमवार को फल के कैरेट को उठाने को लेकर हुए विवाद में थोक फल व्यापारी व उसके कर्मचारी को चोटें आई है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी योगेश सिंह तोमर 28 निवासी भोजपुरिया पचोर ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपने मालिक मयंक खटीक के साथ फल की कैरेट लेने सुठालिया आया था. जब वह स्थानीय फल विक्रेता बबलू केवट के फल ठेले के पास से कैरेट उठा रहा था, तो बबलू के बेटे मनीष केवट ने उसे कैरेट उठाने से रोक दिया कैरेट पर उसके मालिक मयंक खटीक का नाम लिखा था इसके बाद उसने अपने मालिक मयंक को मौके पर बुलाया. मयंक ने आकर वह कैरेट अपनी पिकअप में रख लिया. इस पर योगेश और मयंक पचोर लौट रहे थे, तभी बबलू केवट, मनीष केवट ने लकड़ी से योगेश पर हमला किया, जिससे उसके दाहिने हाथ और कंधे पर चोटें आई. घटना का यह पूरा वाकया किसी राहगीर ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, और यह वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया. वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया.

थाना प्रभारी अनिल राहौरिया ने फरियादी की शिकायत के आधार पर बबलू केवट, उनके बेटे मनीष केवट और जगदीश उर्फ चिंटू केवट के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

### लगातार प्रयास करना ही सफला का मंत्र




**सारंगपुर 06 जुलाई, सं .** आप जो बनना चाहते हैं बन सकते हैं . एक बार के प्रयास में यदि आप असफल होते हैं, तो बार-बार प्रयास कर अपनी चुनी गई मंजिल को अवश्य प्राप्त कर सकते हैं . जीवन में यदि आपने किसी लक्ष्य को माना है तो कोशिश करते रहें यही सफलता का मंत्र है . उक्त उदगार सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट हाई स्कूल के विद्यार्थियों के सम्मुख टी .आई . राहुल रघुवंशी ने अपने उद्बोधन में दिए . अवसर था विद्यार्थियों के विभिन्न पदों पर चयनित छात्र/ छात्राओं के शपथ विधि समारोह का . कार्यक्रम के पूर्व संस्था प्रमुख मैनेजर फादर पॉल एवं स्कूल प्राचार्या द्वारा टी .आई . रघुवंशी को शाल एवं श्रीफल द्वारा सम्मानित किया गया, तत्पश्चात विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई . अंत में समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान इस कार्यक्रम में सराहनीय रहा .

# इंकाजनों ने सौंपा ज्ञापन, कार्यवाही रोकने की मांग



नवभारत न्यूज

**सुठालिया 06 जुलाई, सं. नगर में हाथ ठेलों एवं दुकानों के सामने लगे टीन शेड हटाने की कार्रवाई पर रोक लगने एवं वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने के लिए कांग्रेस ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को एक ज्ञापन दिया.**

ज्ञातव्य है कि नगर परिषद द्वारा नगर में हाथ ठेलों एवं दुकानों के सामने लगे टीन शेड हटाने की कार्रवाई की जा रही है. वर्तमान समय वर्षा ऋतु का है ऐसे में टीन शेड हटाए जाने से छोटे व्यापारियों, हाथ ठेला संचालकों एवं आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा. यदि इन्हें बिना उचित वैकल्पिक व्यवस्था के हटाया जाता है तो अनेक परिवारों की आजीविका प्रभावित होगी. वर्षा ऋतु समाप्त होने तक टीन शेड हटाने की कार्रवाई तत्काल स्थगित की मांग उक्त ज्ञापन में की गई है.

इस मौके पर नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र चक्रवर्ती, तहसीलदार रामनिवास धाकड़, नपा कर्मचारी सब्जी-फल व्यापारी सहित इंकाजन उपस्थित रहें.

# महादेव मित्र मंडल को लेकर हुई विस्तार से चर्चा

**नवभारत न्यूज, सारंगपुर 06 जुलाई , सं.** महादेव मित्र मंडल के सदस्य नेतृत्वकर्ता के रूप में कार्य कर रहे है. मंडल के सदस्य पूर्णता अनुशासित तथा संस्कारित है तथा नए सदस्यों को जोड़कर उन्हें भी अनुशासित एवं संस्कारित करें. उक्त कथन संगठन मंत्री दिनेश सिंह सिसोदिया ने रविवार रात्रि को महादेव मित्र मंडल द्वारा वटकेश्वर महादेव मंदिर मे संगठन विस्तार विषय को लेकर आयोजित बैठक में कहें. बैठक का शुभारंभ महादेव का स्मरण करते हुए जय घोष के साथ किया. संगठन विस्तार को लेकर बैठक में व्यापक रूप से चर्चा की गई तथा प्रत्येक सदस्य को अपने जैसा एक नवीन सदस्य जोड़ने का लक्ष्य दिया गया. मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश पुष्पद ने संगठन विस्तार के लिए हर एक सदस्य को कम से कम एक-एक और नए सदस्य जोड़ने की आवश्यकता है तभी विस्तार संभव है. कार्यक्रम का संचालन महामंत्री बृज किशोर चौहान ने किया. आभार कमल पुष्पद ने माना. तीन सदस्यों जिसमे भूपेंद्र जोशी, रामेश्वर पुष्पद लोकेश सोलंकी को सदस्य का अभियान प्रभारी बनाया गया.

# करणी सेना व जनमानस ने विद्युत मंडल का किया घेराव



नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 06 जुलाई, सं. करनी सेना द्वारा सोमवार को बढ़े हुए बिजली बिलों और स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में आम उपभोक्ताओं के साथ बस स्टैंड से एक रैली निकाली और धरना प्रदर्शन कर विद्युत मंडल का घेराव कर आक्रोश व्यक्त किया. हाथो में तख्ती लेकर बड़ी संख्या में महिलाओं-पुरुषों द्वारा मंडल पहुंच कर विरोध दर्ज कराया गया.**

प्रदर्शनकारियों ने स्मार्ट मीटर को तुरंत हटाने, गलत बिलों में सुधार करने और उपभोक्ताओं की शिकायतों का मौके पर ही निपटारा करने की मांग की.

प्रदर्शन के दौरान उपभोक्ताओं ने अपने बिजली बिल दिखाते हुए विभाग की मनमानी उजागर की. उपभोक्ता सुमित्रा मेवाड़ें ने बताया कि उनके घर का बिल इस बार 5 हजार रुपये से अधिक आया है, जो पहले कभी नहीं आया. वहीं करनी सेना जिला अध्यक्ष मयंक प्रताप सिंह, माखन सिंह ने कहा की विद्युत मंडल द्वारा स्मार्ट मीटर लगा कर जनता को भारी भरकम बिजली के बिल थोपे जा रहे हैं और जमा करने का दबाव बनाया जाता है नहीं करने पर बिजली काट दी जाती है. वही युवा नेता अखिलेश राठी ने आरोप लगाया कि पिछले पांच महीनों से कई मीटरों की रीडिंग शून्य दिखाई गई और छठे महीने अचानक 360 यूनिट जोड़कर भारी बिल थमा दिया गया. उन्होंने इस लापरवाही की जांच कराने की मांग उठाई.

दफ्तर के घेराव और बढ़ते विरोध को देखते हुए बिजली कंपनी के असिस्टेंट इंजीनियर विद्यासागर मिश्रा ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत की. उन्होंने साफ किया कि स्मार्ट मीटर विभाग अपनी मर्जी से नहीं लगा रहा है, बल्कि यह केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना का हिस्सा है. हालांकि, उन्होंने उपभोक्ताओं को आश्वासन दिया कि जिन्हें स्मार्ट मीटर नहीं चाहिए, वे आवेदन दे सकते हैं. जांच के बाद जरूरत के मुताबिक वहां दोबारा पुराना मीटर लगा दिया जाएगा.

इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रमोद सादानी ,शैलेन्द्र सिंह ,सोलंकी ,गौरव शर्मा ,अंकुश बना ,नाना दरबार ,विजय प्रताप सिंह, विष्णु बना ,महेंद्र सिंह ,भंवर बना ,मोहित पुष्पद, मोंटू बना सहित बड़ी संख्या मे लोग शामिल थे

**सम्मेलन** श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर जिला भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन

# एकता और अखंडता को मजबूत बनाने में मुखर्जी का अहम योगदान



नवभारत न्यूज

**राजगढ 06 जुलाई, सं. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर स्मरण पक्ष के तहत आयोजित जिला कार्यकर्ता सम्मेलन स्थानीय अंजनी लाल मंदिर पर संपन्न हुआ.**

इस अवसर पर सांसद रोडमल नागर ने कहा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी दूरदृष्टा थे, उनकी दूरदृष्टि के कारण आज का पश्चिम बंगाल भारत में बना रहा. उनके बलिदान के कारण जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बना है. जिला प्रभारी ध्रुव नारायण सिंह ने कहा कि युग निर्माता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर की स्वायत्ता के लिए अपना बलिदान दे दिया. वह जन्मजात प्रतिभा के धनी थे. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर डॉ. मुखर्जी का सपना पूरा किया है. प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत चतुर्दिक विकास कर रहा है. भाजपा के जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने कहा कि देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का अहम योगदान है. डॉ. मुखर्जी के विचारों ने राष्ट्रवादी राजनीति की मजबूत नींव रखी है. डॉ. मुखर्जी के बताए मार्ग पर चलकर भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है. कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री देवीसिंह सोंधिया आभार जिला महामंत्री ममता इंदौरिया ने माना. इस अवसर पर विधायकद्वय मोहन शर्मा, विधायक हजारी लाल दांगी, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा बद्रीलाल यादव पुरसिंह पवार, राज्यवर्धन सिंह, प्रताप मण्डलोई, पूर्व जिला अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान दीपक शर्मा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अंशुल तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी आनन्द त्रिपाठी, जिला सह मीडिया प्रभारी जगदीश दास सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें.

### डिजिटल प्रशिक्षण में पचोर मंडल जिले में प्रथम



**पचोर 06 जुलाई,सं .** भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश में आयोजित किए जा रहें डिजिटल प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहें प्रशिक्षण में पचोर मंडल जिले में सर्वाधिक कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षण प्रदान करने में अव्वल रहा .इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, सांसद रोडमल नागर, जिला प्रभारी ध्रुवनारायण सिंह,विधायक मोहन शर्मा, हजारीलाल दांगी सहित जिला पदाधिकारियों पार्टी के वरिष्ठ जनो की उपस्थित में भाजपा मंडल पचोर के अध्यक्ष विकास दीक्षित को सम्मानित किया गया .मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित ने कहा की डिजिटल प्रशिक्षण में हमारी टीम ने प्रत्येक बूथ स्तर पर जाकर कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षित किया है . टीम वर्क की वजह से हम अधिकतम कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षित कर पाए है .हमारी टीम के विधानसभा प्रभारी घनश्याम नागर,मंडल प्रभारी जगदीश नागर, मंडल महामंत्री सुदर्शन कृष्ण सोनी,,अमित गोस्वामी,अरुण खत्री, प्रशिक्षण प्रभारी सतीश राठौर, अरविन्द नागर, होकम नागर,, सुनील नागर सहित शक्तिकेन्द्रो के संयोजक,बूथ अध्यक्ष और सक्रिय साथी गण का विशेष योगदान रहा .